
# 2030 तक 10 लाख ईवी फास्ट चार्जर की जरूरत होगी : कांत

नई दिल्ली, एएनआइः जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि देश में 2030 तक 100 प्रतिशत दोपहिया और तिपहिया वाहन का लक्ष्य अगर हासिल करना है तो 10 लाख फास्ट चार्जर की जरूरत होगी।

कांत ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के आटोमोटिव सेक्टर में होने वाला बदलाव महत्वपूर्ण है और यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत, मैन्यूफैक्चरिंग सकल घरेलू उत्पाद में 35 प्रतिशत और कुल निर्यात में आठ प्रतिशत का योगदान देता है। भारत तीसरा सबसे बड़ा आटो बाजार है।'



अमिताभ कांत •

**नीति आयोग के पूर्व सीईओ का ईवी की घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर, कहा-फास्ट चार्जिंग नेटवर्क बनाने के लिए मिलकर काम करें कंपनियां**

सरकारी वाहन पोर्टल डैशबोर्ड विशेष रूप से दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण में वृद्धि को दर्शाता है, लेकिन तिपहिया और चौपहिया वाहनों में मामूली गिरावट देखी गई है। जनवरी 2024 में इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण 1,44,877 था और फरवरी में यह घटकर 1,41,382 पर आ गया। हालांकि मार्च के महीने में इस तरह के वाहनों का पंजीकरण 32 प्रतिशत बढ़कर 1,86,143 हो गया।